The slogan of being the “fastest growing major economy” itself is a carefully manufactured propaganda phrase. The qualifier “major economy” excludes dozens of smaller countries growing faster than India while diverting attention from more meaningful indicators such as employment, wages, nutrition, and per capita income. 'Indias nominal per capita income remains barely around $2,800, below Bangladesh, according to recent estimates by the International Monetary Fund.

A country celebrated as an emerging superpower still has income levels comparable to some of the poorest regions of the world. Nearly 80 crore people continue to depend on free foodgrain support for survival. Growth concentrated among billionaires, metropolitan elites, and stock markets cannot be mistaken for broad social development.

The structure of growth itself reveals the hollowness of the “India story.” Manufacturing

remains stagnant at roughly 15%-17% of the GDP despite repeated promises of industrial transformation. India prematurely became a service-dominated economy without building a broad manufacturing base capable of generating mass employment. Consequently, GDP growth increasingly coexists with stagnant wages, precarious employment, and collapsing employment elasticity. Growth without jobs is not development; it is statistical abstraction.

Private investment – the real indicator of business confidence – has also remained sluggish. Gross fixed capital formation has failed to sustain levels necessary for long-term high growth. Corporate India increasingly prefers speculative financial gains over productive investment. Foreign direct investment inflows have weakened significantly in recent years despite aggressive publicity campaigns because investors seek institutional credibility, legal predictability, and stable governance – not merely political slogans.

Agriculture presents another dimension of structural crisis. Nearly 45% of India's workforce still depends on agriculture while the sector contributes barely 15%-16% of the GDP. This massive imbalance reflects hidden unemployment and chronic rural distress. Farm incomes remain unstable, input costs continue to rise, and climate volatility has intensified vulnerability. The historic farmers' movement that forced the repeal of the three farm laws revealed a deeper crisis of legitimacy: large sections of rural India no longer trusted the government's economic intentions.

At the same time, inequality has exploded. The top 1% now controls over 40% of India's wealth while the bottom 50% owns barely 3%. Economic power has become increasingly concentrated among a handful of large corporate groups closely aligned with political power. Crony capitalism has deepened under the language of nationalism and development.

The deterioration is also reflected in the rupee's long decline and rising fuel burdens on ordinary people. In 2014 the rupee traded around Rs 58 – Rs 60 to a dollar. It now hovers over Rs 95, representing one of the steepest depreciations among major emerging-market currencies during the period. A weaker rupee has increased import costs, inflationary pressures, and external vulnerability.

Ironically, even during periods when global crude prices declined sharply, Indian consumers rarely received proportional relief because the government repeatedly raised excise duties to compensate for fiscal stress. During some of these periods, fuel prices actually declined in neighbouring countries such as Pakistan, Sri Lanka, Bangladesh, and Nepal while Indian consumers continued paying historically high prices.

Economic cost of communal politics

More fundamentally, the regime's communal polarisation has itself imposed enormous economic costs rarely acknowledged in mainstream discussions. Sustained attacks on institutional autonomy – whether in universities, research institutions, statistical systems, media, judiciary, or law enforcement – have weakened those foundations on which modern economic development depends.

Educational institutions increasingly shaped by ideological intervention undermine the production of skilled human capital. Statistical opacity weakens policy credibility. A judiciary perceived as inconsistent or selectively responsive undermines investor confidence and contractual certainty. Law-enforcement agencies deployed for political intimidation rather than impartial governance distort the rule of law necessary for stable economic activity.

No major economy can sustain long-term growth while simultaneously degrading its institutional foundations.

The current Iran crisis therefore strikes an already weakened economy. If crude prices remain above $100 per barrel for a sustained period, India could face severe macroeconomic stress: rising inflation, widening current account deficits, rupee depreciation, fiscal pressures, and slowing growth. The danger is not merely recession but stagflation – a combination of slow growth and persistent inflation that simultaneously destroys employment and purchasing power.

More importantly, the global environment itself is

changing. The era of easy globalisation that sustained post-1991 growth is fragmenting. Supply chains are being reorganised, protectionism is rising, and automation is reducing labour absorption globally. India needed a long-term developmental strategy focused on manufacturing, education, healthcare, scientific capacity, and employment generation. Instead, the regime prioritised media management, centralisation of power, religious mobilisation, and permanent electioneering.

The most astonishing feature of this period is therefore not economic decline itself but the political insulation of the regime from economic accountability. The answer lies in the transformation of Indian politics itself. Electoral outcomes are increasingly detached from material economic performance. Hyper-nationalism, communal mobilisation, welfare symbolism, digital propaganda, personality cults, and media capture have shifted politics away from livelihoods toward emotional and civilisational anxieties. Economic suffering no longer automatically produces political accountability.

Meanwhile, the Opposition remains fragmented, ideologically uncertain, and organisationally weak. It criticises policies episodically but has failed to present a coherent economic alternative capable of mobilising broad social majorities. This creates dangerous conditions. Economic crises in functioning democracies can generate reform and redistribution; under majoritarian-authoritarian conditions, they often produce intensified repression, communal polarisation, and further concentration of power.

That is the deeper danger before India today. The Iran war did not create India's crisis; it merely exposed how fragile the economy had already become after a decade of governance that privileged propaganda over production and spectacle over structural transformation. The gravest threat is therefore not the immediate oil shock but the possibility that economic decline and political majoritarianism may continue reinforcing each other.

Societies can survive economic crises. What is far harder to survive is the convergence of economic decline, institutional decay, and unchecked political dominance. India today confronts that convergence.

[Writer and civil rights activist Anand Teltumbde is a former CEO, Petronet India Limited and a professor at IIT Kharagpur and the Goa Institute of Management.]

Courtesy : The Scroll.in

मई दिवस

वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन्स
मई दिवस घोषणा–पत्र

अंतर्राष्ट्रीय वर्ग–उन्मुख ट्रेड यूनियन आंदोलन, कामगार और दुनियाभर के जुझारू ट्रेड यूनियन, संघर्ष के माध्यम से, 1886 में शिकागो में हुए कामगारों के संघर्ष की 140वीं वर्षगांठ का सम्मान करते हैं। वे कामगार वर्ग के वीरतापूर्ण मई दिवस का, जो पूंजीवादी बर्बरता के विरूद्ध अथक संघर्ष का प्रतीक है, नए वर्ग संघर्षों, दृढ़ संकल्प और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के साथ सम्मान करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय कामगार दिवस के अवसर पर, वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन्स, जो सबसे ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन संगठन है और दुनिया के हर कोने में 105 मिलियन से अधिक कामगारों का प्रतिनिधित्व करता है, सभी कामगारों, किसानों और श्रम तथा परिश्रम करने वाले आम लोगों को एक हार्दिक और जुझारू संदेश देता है।

1886 में शिकागो के अग्रदूतों के संदेश और मांगें आज भी प्रासंगिक और आवश्यक हैं। पूंजीवाद का संकट गहराता और व्यापक होता जा रहा है। सामाजिक असमनातायें तेजी से बढ़ रही हैं। पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक स्वतंत्रतायें और ट्रेड यूनियन अधिकार हमले की जद में हैं, जबकि साम्राज्यवादी युद्ध और हस्तक्षेप कार्यसूची पर हैं।

अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम इस बात की पुष्टि करते हैं कि वैश्विक भू–राजनीतिक और आर्थिक टकराव, परमाणु प्रलय के खतरे सहित, विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष खतरा बने हुए हैं। साम्राज्यवादी युद्ध, हस्तक्षेप, प्रतिबंध और नाकेबंदी जारी

हैं तथा और भी तेज हो रहे हैं।

गाजा में फिलिस्तीनियों का नरसंहार और इजराइली सत्ता द्वारा की गई अकल्पनीय क्रूरता, संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किया गया अकारण और जानलेवा हमला, वेनेजुएला पर आक्रमण और देश के वैध राष्ट्रपति का अपहरण, समाजवादी क्यूबा के खिलाफ आतंकवादी धमकियां और ऊर्जा पर लगाए गए आपराधिक प्रतिबंधों के जरिए उसकी अर्थव्यवस्था और वहां के लोगों का गला घोंटने की कोशिश, इन सबने एक बार फिर साम्राज्यवाद के पाखंड, उसकी कुटिलता और अमानवीय चरित्र को उसकी पूरी भयावहता के साथ बेनकाब कर दिया है।

सैन्य खर्च में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है, जबकि नाटो और यूरोपीय संघ जैसे संगठन सैन्यीकरण को तेज कर रहे हैं और युद्ध अर्थव्यवस्था को एक ''विकासात्मक माध्यम'' के तौर पर बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही, लोगों से नए कड़े उपायों, निजीकरण और सामाजिक लाभों को समाप्त करने के जरिए इसकी कीमत चुकाने को कहा जा रहा है।

इसके साथ ही, ऊर्जा संकट, महंगाई और ऊंची कीमतें कामगारों की आय को लगातार कम कर रही हैं। मजदूरी स्थिर बनी हुई है, जबकि बहुराष्ट्रीय निगमों और ऊर्जा दिग्गजों का मुनाफा तेजी से बढ़ रहा है।

इस स्थिति के परिणाम कामगार वर्ग के सबसे कमजोर तबकों पर और भी ज्यादा भारी पड़े। महिला कामगारों, युवाओं और प्रवासियों को बढ़ते शोषण, कम वेतन, रोजगार की अधिक अनिश्चितता तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति तक सीमित पहुंच का सामना करना पड़ता है। वे कामगार–विरोधी नीतियों और श्रम नियमों में ढील के सबसे पहले शिकार हैं, जिसके चलते वे पूंजी के हमलों के प्रति विशेष रूप से असुरक्षित हो जाते हैं।

इसके साथ ही, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनियोजित ढंग से कमजोर किया जा रहा है। नियोक्ता सुरक्षा उपायों को एक 'खर्च' के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और मौतों में वृद्धि होती है। हर दिन, मुनाफे की वेदी पर कामगार घायल होते हैं या अपनी जान गंवा देते हैं, जो सबसे दुखद तरीके से इस व्यवस्था की प्राथमिकताओं को उजागर करता है।

डिजिटलीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस नए दौर का उपयोग, कामगारों और समग्र रूप से समाज के लाभ के लिए किए जाने के बजाय, श्रम की तीव्रता बढ़ाने, कामगारों की निगरानी करने और रोजगार के लचीले स्वरूपों का विस्तार करने के लिए किया जा रहा है। असुरक्षा, अनिश्चित रोजगार और श्रम संबंधों का विनियमन–मुक्त होना अब आम होता जा रहा है।

इसके साथ ही, संघर्षों के विरूद्ध राज्य और नियोक्ताओं का दमन तेज होता जा रहा है। ट्रेड यूनियनिस्टों को सताया जाता है, हड़तालों को अपराध घोषित कर दिया जाता है, और लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं को सीमित कर दिया जाता है। प्रवासी और शरणार्थी निशाना बनाए जाते हैं, सस्ते मजदूरों के तौर पर इस्तेमाल किए जाते हैं, और नस्लवाद और शोषण के शिंकार बन जाते हैं।

इस वास्तविकता का सामना करते हुए, कामगार वर्ग की प्रतिक्रिया आत्मसमर्पण नहीं हो सकती।

हम मांग करते हैं:

- **वेतन वृद्धि और पूर्ण अधिकारों के साथ सामूहिक श्रम समझौते**
- **बढ़ती कीमतों और महंगाई से बचाव के प्रभावी उपाय**
- **सभी के लिए सार्वजनिक और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा**
- **काम के समय में कमी, स्थिर कार्य घंटों के साथ स्थायी रोजगार, श्रम के लचीले रूपों का उन्मूलन और डिजिटल मंचों पर काम करने वालों के लिए सुरक्षा**
- **सभी कार्यस्थलों में स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय**
- **ट्रेड यूनियन अधिकारों और लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मान**
- **प्रवासियों की सुरक्षा और सभी कामगारों के लिए समान अधिकार**

कामगारों को उन लोगों के युद्धों और आपसी बैर में कोई दिलचस्पी नहीं है, जिनके पास सत्ता है। इसके विपरीत, एकता, एकजुटता और साझा संघर्ष से उन्हें सब कुछ हासिल होने वाला है।

डब्ल्यूएफटीयू ट्रेड यूनियनों से समझौता और अधीनता को अस्वीकार करने करने का आह्वान करता है। मुनाफे और युद्ध की व्यवस्था की बर्बरता के खिलाफ, हर कार्यस्थल, हर क्षेत्र और हर देश में अपने संघर्षों को मजबूत करने और प्रतिरोध को संगठित करने के लिए।

ताकत संगठन में है। उम्मीद संघर्ष में है।

मई दिवस 2026 के अवसर पर, हम इस नारे के तहत दुनिया भर में जुझारू लामबंदी का आह्वान करते हैं :

- **हमारा जीवन और हमारी जरूरतें या उनका मुनाफा!**
- **युद्धों और पूंजी के मुनाफों के लिए कोई बलिदान नहीं**
- **सामूहिक समझौतों द्वारा विनियमित अधिकारों के साथ कार्य करें**
- **कामगारों की समकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति**

एकजुटता और अंतर्राष्ट्रीयता कामगार वर्ग के हथियार हैं !

इस वर्ष का मई दिवस संघर्ष और जवाबी हमले का एक मील का पत्थर बने, एक ऐसे विश्व के लिए जो साम्राज्यवादी युद्धों और हस्तक्षेपों से मुक्त हो, और जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव या मनुष्य द्वारा मनुष्य का शोषण न हो।

मई दिवस अमर रहे !

अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता अमर रहे !

सीटीयू और संयुक्त किसान मोर्चा के खबरे

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के मंच–सीटीयू और संयुक्त किसान मोर्चा–एसकेएम द्वारा 28 अप्रैल, 2026 को जारी संयुक्त बयान

- वर्षों से लंबित वेतन में वृद्धि, आठ घंटे के कार्यदिवस, ओवरटाइम भत्ते की कानूनी पात्रता, साप्ताहिक अवकाश और कार्यस्थल से जुड़े अन्य मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहे आंदोलनकारी कामगारों पर ढाए जा रहे दमन की हम कड़ी निंदा करते हैं
- गिरफ्तार कामगारों की बिना शर्त रिहाई की मांग, मुकदमे वापस लिए जायें, कोई अवैध नजरबंदी न हो, कामगारों, विशेषकर प्रवासी कामगारों, को बुनियादी सुविधायें और एलपीजी उपलब्ध कराई जाये
- 2015 से लंबित भारतीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) को तत्काल बुलाया जाये
- फसल नुकसान के लिए गारंटीकृत खरीद मुआवजे सहित किसानों की उपज के लिए एमएसपी की मांग–अमेरिका केसाथ व्यापार समझौते को नाय यह राष्ट्रीय हितों के लिए हानिकारक है
- कार्ययोजना पर विचार–विमर्श हेतु 13 मई, 2026 को नई दिल्ली में सीटीयू–एसकेएम की संयुक्त बैठक
- एसकेएम ने किसानों से मई दिवस के जुलूसों में शामिल होने की अपील की

24 अप्रैल को हुई सीटीयू और एसकेएम की संयुक्त बैठक में इस बात को नोट किया कि बुनियादी जरूरतों की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद, पिछले 10 वर्षों से कई राज्यों में न्यूनतम वेतन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अधिकांश औद्योगिक केन्द्रों में, ठेके पर काम करने वाले, आकस्मिक या निश्चित अवधि कामगार प्रवासी कामगार हैं जो बुनियादी सुविधाओं से वंचित, बेहद दयनीय परिस्थितियों में रहते हैं। उन्हें यूनियन बनाने की अनुमति नहीं है, और यदि वे यूनियन बनाने का प्रयास करते हैं, तो उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। बैठक में यह भी नोट किया गया कि कामगारों के स्वतःस्फूर्त आंदोलनों की यह श्रृंखला कोई अलग–थलग घटनायें नहीं थीं।

अभी दो महीने पहले ही, बिहार में बरौनी रिफाइनरी क्षेत्र के हजारों ठेका कामगारों ने आंदोलन का सहारा लिया था। उनमें से ज्यादातर लोग ठेक पर रखे गए थे, उन्हें हमेशा यह डर लगा रहता था कि अगर उन्होंने अपनी आवाज उठाई, तो उनकी नौकरी चली जाएगी–फिर भी वे न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए आठ घंटे का काम, अतिरिक्त काम के लिए दोगुना ओवरटाइम वेतन, न्यूनतम वेतन में वृद्धि, कार्यस्थल सुरक्षा और सम्मान, नियमित कर्मचारियों के बराबर छुट्टियां, सामाजिक सुरक्षा, कार्य कार्ड और वेतन पर्चियां।

इसके बाद पानीपत में हजारों कामगारों ने फिर से उन्हीं मांगों को लेकर आंदोलन किया, जिनमें वेतन गणना के लिए ग्रेड में बढ़ोतरी की मांग भी शामिल थी। इसके बाद सूरत में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए, जहां हजारों की संख्या में कामगारों ने अपनी वैसी ही मांगों को लेकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन कियाय इनमें से ज्यादातर कामगार दूसरे राज्यों से आए प्रवासी थे।

हरियाणा के मानेसर में, दस साल के अंतराल के बाद गठित राज्य न्यूनतम वेतन बोर्ड की अनुशंसाओं के अनुसार, न्यूनतम वेतन में वृद्धि की मांग करते हुए कामगार अपने–अपने

कारखानों के दरवाजों पर जमा हो गए। अन्य मुद्दों में काम के घंटे, ओवरटाइम, कार्यस्थल पर सुरक्षा, कामगारों के साथ दुर्व्यवहार न होना और बुनियादी सुविधायें शामिल थीं। मानेसर में कामगारों की मांगों के शीघ्र समाधान के समर्थन में ट्रेड यूनियन संयुक्त परिषद की श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक होने के बावजूद, पुलिस ने कामगारों पर लाठीचार्ज किया और सैकडों को गिरफ्तार करके उन पर गंभीर आरोप लगाए। भारी संघर्षों के बाद ही हरियाणा सरकार ने कहा कि वह अपनी अधिसूचित बातों को लागू करेगी। यह अधिसूचना राज्य न्यूनतम वेतन बोर्ड की अनुशंसा से कम राशि के लिए है।

नोएडा की कई फैक्ट्रियों के कामगारों ने भी इसी राह पर चलते हुए न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी, 8 घंटे काम, अतिरिक्त काम के लिए दोगुना ओवरटाइम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं, छुट्टियों और उत्पीड़न मुक्त माहौल की मांग की। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि बुनियादी जरूरी सामानों और सेवाओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बावजूद, 2012 के बाद से उत्तर प्रदेश में न्यूनतम वेतन में कोई संशोधन नहीं किया गया है। अपने परिवारों के लिए जीवन–मरण के सवालों को लेकर कामगारों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन का सामना पुलिस के क्रूर बल से हुआ, सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया, पीटा गया और घायल कर दिया गया। परिवार इस सोच में पड़ गए कि उन्हें कहां ढूँढ़ें। उन पर गंभीर आरोप लगाए गए और जमानत देने से इंकार कर दिया गया।

कामगारों द्वारा अपनी जायज मांगों को लेकर किए गए अभूतपूर्व विद्रोह से घबराकर, जिसने केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकारों को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है, उत्तर प्रदेश के चहुंमुखी विकास के झूठे प्रचार की पोल खोल दी है, वे अब इसका दोष तथाकथित शहरी नक्सलियों और पाकिस्तानी साजिश पर मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसा करके वे कामगारों के खिलाफ पुलिस की बर्बर कार्रवाई को सही ठहराना चाहते हैं, ठीक उसी तरह जैसे केन्द्र सरकार ने किसानों के जुझारू आंदोलन को खालिस्तानियों द्वारा संचालित बताकर बदनाम करने की कोशिश की थी, ताकि बाद में उस आंदोलन को बेरहमी से कुचलने के लिए जमीन तैयार की जा सके।

सीटीयू–एसकेएम कामगारों के स्वतःस्फूर्त विद्रोह में राष्ट्र विरोधी ताकतों और पाकिस्तान की संलिप्तता से जुड़ी इस झूठी कहानी को पूरी तरह से खारिज करते हैं। और मांग करते हैं कि केन्द्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार कामगारों की वास्तविक मांगों के प्रति अपनी आपराधिक उपेक्षा की जिम्मेदारी स्वीकार करें और उन्हें तत्काल पूरा करें।

इसके कुछ ही समय बाद, भिवाड़ी और नीमराना में भी कामगारों ने इसी तरह की मांगों को लेकर कारखानों के दरवाजों पर विरोध प्रदर्शन किया, वहां पुलिस के साथ–साथ गुंडों ने भी उन पर हमला किया। यह चलन बढ़ रहा है और दूसरे शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। यह इस वास्तविकता को दर्शाता है यदि श्रम संहिताओं को यूनियनों को नियंत्रित करने और उन्हें पंगु बनाने के उद्देश्य से लागू किया जाता है, तो औद्योगिक शांति के लिए उत्पन्न होने वाले खतरे की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

इस बीच, कामगारों का अपने गृह नगर की ओर पलायन देखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम एशियाई घटनाक्रमों के चलते ईंधन की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी और केन्द्र सरकार की, खाना पकाने वाली गैस की कालाबाजारी और जरूरी चीजों की महंगाई रोकने और नियंत्रित करने में पूरी तरह विफलता के कारण, उनके लिए कम वेतन पर गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

सीटीयू और एसकेएम, उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री और पुलिस प्रशासन द्वारा कामगारों के असंतोष में राष्ट्र–विरोधी ताकतों और पाकिस्तानी हस्तक्षेप के बारे में फैलाई जा रही कहानी की कड़ी निंदा करते हैं और उसे सिरे से खारिज करते हैं।

उत्तर प्रदेश की 'डबल इंजन' सरकार हमेशा कामगारों और किसानों की आवाज दबाने के लिए झूठी कहानी गढ़ती और फैलाती रहती है, और न्याया के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को भड़काऊ साजिशों का मास्टरमाइंड बताती है। नोएडा पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं और ट्रेड यूनियन नेताओं को 'नजरबंद' किया जाना गैर–कानूनी है, क्योंकि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएसएस) में 'नजरबंदी' के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को अवैध नजरबंदियों का विरोध करना चाहिए और उनके खिलाफ लामबंद होना चाहिए, जो लोकतंत्र की हत्या और विरोध के संवैधानिक अधिकार के दमन के समान है।

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने बार–बार यह कहा है कि कार्यस्थलों पर श्रम कानूनों का उल्लंघन आम बात है, वहां निरीक्षण नहीं होते, और अत्यधिक काम व वेतन न मिलने के अलावा, कार्यस्थल की सुरक्षा से भी समझौता किया जाता है – जिसके परिणामस्वरूप कीमती जानें चली जाती हैं और कई कामगार अपनी काम करने की क्षमता खो बैठते हैं। यूनियन बनाना मना है और जो लोग यूनियन बनाने की कोशिश करते हैं, उनकी नौकरी चली जाती है, असल में, यहां श्रम अधिकारों से पूरी तरह इंकार किया जाता है, सामाजिक बातचीत और सामूहिक सौदेबाजी का अभाव है।

कई मौकों पर उठाए गए इन मुद्दों को सुलझाने के बजाय, केन्द्र सरकार ने उल्लंघनों को कानूनी जामा पहनाने के लिए चार कठोर श्रम संहितायें लागू कर दीं, इसके तहत 15 केन्द्रीय श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया गया और 29 अन्य केन्द्रीय कानूनों को निरस्त करके उन्हें चार श्रम संहिताओं में बदल दिया गया। ये संहितायें कामगारों को गुलामी की ओर धकेलने, काम के घंटे बढ़ाने, हड़ताल के अधिकार को असल में खत्म करने, निश्चित अवधि रोजगार को आम बात बनाने, नौकरी की कोई सुरक्षा न देने, सीमा बढ़ाकर सुरक्षित कामगारों को भी श्रम कानूनों की सुरक्षा से बाहर करने, यूनियन बनाना एक मुश्किल प्रक्रिया बनाने और यूनियन का रजिस्ट्रेशन रद्द करना व मान्यता खत्म करना बहुत आसान बनाने, निरीक्षण खत्म करने और नियोक्ताओं ६ कारोबारों की मदद के लिए सहायक रखने के प्रस्तावों के लिए हैं।

संयुक्त बैठक ने अनुभव किया कि इन तीन महीनों के दौरान देश के कामगारों की जिस हताशा को देखा है, जो अशांति का रूप ले लेती है, जब उद्योग जगत यूनियनों को अनुमति नहीं देता और संवाद का कोई अवसर नहीं मिलता, जिससे औद्योगिक शांति भंग हो जाती है। केन्द्रीय ट्रेड यूनियनें चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने की अपनी मांग को दोहराते हैं और सरकार से आग्रह करते हैं कि वह तत्काल भारतीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) बुलाए, जो भारत की शीर्ष–स्तरीय त्रिपक्षीय संस्था है, जिसकी पिछली बैठक 2015 में नई दिल्ली में हुई थी।

संयुक्त बैठक ने जोर देकर कहा कि कामगार यूनियन बनाने और सामूहिक सौदेबाजी के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने की अनुमति कभी नहीं देंगे।

एक साल से भी ज्यादा समय तक चले लगातार आंदोलन के बाद, जब तीनों कृषि कानून वापस लिए गए थे, तब किसानों से किए गए सभी वादों के मामले में उनके साथ विश्वासघात किया गया है। गारंटीकृत खरीद के साथ एमएसपी/ब्250: और ऋण माफी से इंकार के अलावा, सरकार ने उन कृषि कानूनों के मूल तत्वों को वापस लाने के लिए कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचा और बीज विधेयक 2025 आदि जैसे अन्य उपायों का उपयोग करना शुरू कर दिया। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ होने वाले व्यापार समझौतों का खतरा, जो कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों के हितों के पूरी तरह विपरीत हैं, हमारे देश तथा इसकी आत्मनिर्भरता और संप्रभुता पर एक गंभीर हमला होगा। ग्रामीण भारत में भी अशांति बढ़ रही है।

इस संदर्भ में, केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों का मंच, स्वतंत्र क्षेत्रीय फैडरेशन और एसोसिएशन, संयुक्त किसाना मोर्चा के साथ मिलकर 13 मई को नई दिल्ली में बैठक करेंगे, जिसमें सभी नेता विस्तृत चर्चा के लिए उपस्थित होंगे और तब तक की आगे की कार्ययोजना तय करेंगे, जब तक कि सभी महत्वपूर्ण मांगें पूरी नहीं हो जातीं।

एसकेएम और सीटीयू पूरे भारत के किसानों से संयुक्त अपील करते हैं कि वे 1 मई अंतर्राष्ट्रीय कामगार दिवस – के अवसर पर होने वाले मई दिवस जुलूसों में शामिल हों ताकि मोदी शासन की कॉर्पोरेट–परस्त नीतियों के विरूद्ध भारत में कामगारों–किसानों की बढ़ती एकता को रेखांकित किया जा सके।

हम दृढ़तापूर्वक कहते हैं कि कामगारों, किसानों या लोगों के किसी भी वर्ग की मांगों को पूरा करवाने के लिए संघर्ष करना संवैधानिक लोकतांत्रिक अधिकार है।

हम इस बात को दोहराते और पुष्ट करते हैं कि केवल वही समाज और राष्ट्र लोकतांत्रिक कहे जा सकते हैं, जो विभिन्न वर्गों की यूनियनों और संगठनों को अनुमति देते हैं और साथ ही उन्हें अपनी मांगें उठाने तथा अपनी उपलब्धियों के लिए संघर्ष करने का अधिकार भी प्रदान करते हैं।

द्वारा संयुक्त रूप से जारी

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों का मंच और संयुक्त किसाना मोर्चा



ALL INDIA BANK EMPLOYEES' ASSOCIATION (AIBEA)

MAY DAY 2026 OBSERVED BY AIBEA UNITS



Flag hoisting by Com. Rajen Nagar, President, AIBEA, Chairman, BPBEA



Com Kamal Bhattacharyya, Chief Advisor, BPBEA paying floral Tribute to Martyrs' Colunb



Com. Indranil Mitra, General Secretary, BPBEA speaking on the occasion



Comrades of MPBEA taking part in the May Day rally in Bhupal



Com. V. K. Sharma, General Secretary, MPBEA addressing the joint platform of trade unions organised on the occasion of MAY DAY 1st May, 2026 in Bhopal

CENTENARY CELEBRATION-BLOO DONATION CAMP

Tarakeswar Chakraborti Memorial Trust, Barasat and North 24 Pargana District Committee of BPBEA jointly organised a blood donation camp on 31st May, 2026 as a part of Birth Centenary Celebration of the legendary Com. Tarakeswar Chakraborti.



Com. Pabitra Chatterjee, Vice-Chairman , BPBEA inaugurating the programme



Com. Bhaskar Banerjee, Secretary, North 24 Pgs. Distt. Committee paying floral tribute to Tarakda



Com. Joydeep Mukherjee, Deputy Secretary, speaking on the occasion



Donating blood by the members

Registration No. KOL RMS/43/2019-21
Published on 31ST May 2026
Regd. No. RN/63148/95

LONG LIVE AIBEA

To

From

BANKFLAG

ALL INDIA BANK EMPLOYEES' ASSOCIATION
3B. LALBAZAR STREET
1ST FLOOR
KOLKATA – 700001
PHONE: 2262-2192

Published by Shri Kamal Kumar Bhattacharyya on behalf of All India Bank Employees Association, 3b Lal Bazar Street, Kolkata-700001 & E-Journal by Rang Pencil, www.rangpencil.co.in • Editor – Shri Kamal Kumar Bhattacharyya.